Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding alleged irregularities in work pertaining to Pradhan Mentri Gram Sadak Yojana in Rajasthan.

श्रीमती जसकौर मीना (**दौसा**): माननीय अध्यक्ष जी, मैं सबका ध्यान बहुत ही महत्वपूर्ण बिंदु की तरफ दिलाना चाहती हूं ।

प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना ग्रामीण कनैक्टिविटी के लिए वाकई में वरदान साबित हुई, लेकिन अत्यंत चिंता का विषय है कि राजस्थान में स्वीकृत सड़कों के निर्माण में भ्रष्टाचार का बोलबाला है । वर्ष 2019-20 में स्वीकृत सड़कें आज तक पूरी नहीं हुई हैं । मेरे संसदीय क्षेत्र में 22 सड़कें मंजूर हुई, लेकिन एक भी सड़क आज तक पूर्ण नहीं हुई है । इनमें गुणवत्ता का भी अभाव है । इनके लिए निर्धारित मापदंडों की अवहेलना की जा रही है ।

मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान इस ओर दिलाना चाहती हूं कि सड़कों में केंद्र सरकार का 60 प्रतिशत और राज्य सरकारों का 40 प्रतिशत फंड फेज़-3 में दिया गया था, लेकिन इसके आधार पर केवल 60 प्रतिशत में ही इस काम को पूरा किया जा रहा है । इन सड़कों की गुणवत्ता की दृष्टि से बहुत दयनीय स्थिति है ।

मैं आपके माध्यम से इस अत्यंत महत्वपूर्ण अभियान को पूरा करने के लिए सड़क परिवहन मंत्री जी और प्रभारी मंत्री जी से कहना चाहती हूं कि राजस्थान में किए जा रहे कामों की जांच हो, जांच के बाद अपराधियों को दंड दिया जाए और यह काम भी पूरा किया जाए ।